31	हरिओम सरस्वती पी.जी. कॉलेज, धनौरी, जनपद –हरिद्वार।	योगाचार्य पी.जी.डी. योग योग प्रमाण पत्र बी.लिब. साइंस	–40सीटें –40सीटें –40सीटें –30सीटें
32	सत्त्वयोग पीठ, अमित ग्राम–गुमानीवाला, ऋषिकेश।	योगाचार्य पी.जी.डी. योग योग प्रमाण पत्र	–40सीटें –40सीटें –40सीटें
33	जगन्नाथ विश्वा कॉलेज, लाल तप्पड़ माजरी ग्रांट,	योगाचार्य	–40सीटें

	नजदीक–नेचर विला, हरिद्वार रोड, देहरादून।	पी.जी.डी. योग योग प्रमाण पत्र	–40सीटें –40सीटें
34	देवेश्वरी योग विद्यापीठ, ग्राम–हरिपुर कलाँ, वाया –रायवाला,जनपद–देहरादून।	योगाचार्य पी.जी.डी. योग योग प्रमाण पत्र	–40सीटें –40सीटें –40सीटें
35	श्री गरीबदासीय साधु संस्कृत महाविद्यालय, जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा शास्त्री स्तर पर फलित ज्योतिष	–40सीटें –40सीटें –40सीटें
	जाह्नवी आयुर्वेदा एवं योग केन्द्र, हरिद्वार।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
37	ऋषिकेश योग धाम संस्थान, तपोवन, ऋषिकेश, टिहरी गढ़वाल।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
38	विशम्बर सहाय मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सैन्टर, रुड़की।	योगाचार्य	–40 सीटें
39	मोहिनी देवी डिग्री कॉलेज, रूडकी।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
40	महेन्द्रसिंह डिग्री कॉलेज, बुधवाशहीद बुग्गावाला, हरिद्वार।	आचार्य (एम.ए.) हिन्दी आचार्य (एम.ए.) इतिहास	–40 सीटें –40 सीटें
41	उगते यूनिवर्सल गैरोला टूरिज्म एवं टैक्नीकल एक्सीलेंसी(UGTE) नजदीक नेपाली फॉर्म तिराहा देहरादून रोड, खैरीखुर्द, श्यामपुर, ऋषिकेश।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
42	श्री साँई इन्स्टीट्यूट, गोविन्दपुरी, हरिद्वार (मानव शैक्षणिक प्रशैक्षणिक एवं विकास संस्थान, हरिद्वार द्वारा संचालित)।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
43	डी.डी. कॉलेज, देहरादून।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा	–40 सीटें –40 सीटें
44	ऋषि योग संस्थान, पूर्वी नाथ नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा	–40 सीटें –40 सीटें
45	रुड़की दिव्य योग संस्थान, चुड़ियाला रोड, भगवानपुर।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा	–40 सीटें –40 सीटें
46	श्रीमती मंजीरा देवी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, रूकमणी नगर, हिटाणू, धनारी उत्तरकाशी।	शास्त्री स्तर पर :– साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष प्रत्येक विषय में योग पी.जी. डिप्लोमा योग प्रमाण–पत्र आचार्य (एम.ए.) शिक्षाशास्त्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
47	आर्यन योग महाविद्यालय, भगेडी महावतपुर रुड़की।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा	–40 सीटें –40 सीटें
48	भागवत प्रसाद शिक्षण एवं सेवा संस्थान, हिटाणु	योगाचार्य	–30 सीटें

	उत्तरकाशी।	पी.जी. डिप्लोमा	–30 सीटें
49	दून आयुर्वेदिक पैरामेडिकल कॉलेज, देहरादून।	योगाचार्य योग पी.जी. डिप्लोमा	–40 सीटें –40 सीटें
50	राजश्री योग संस्थान, रूषा फार्म गुमानीवाला, श्यामपुर ऋषिकेश।	योगाचार्य योग पी.जी.डिप्लोमा योगप्रमाण–पत्र	–40 सीटें –40 सीटें –40 सीटें
51	रूबराज इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवान्स रटडीज, शाहपुर शीतला खेडा, हरिद्वार।	योगाचार्य	–40 सीटें

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–14 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने सत्र 2021–22 एवं 2022–23 के सम्बद्धता विस्तारण हेतु अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्णय लिया कि सत्र 2023–24 हेतु स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त ही सम्बद्धता/ मान्यता का विस्तारण किया जाय।

मा. विद्यापरिषद् द्वारा निर्णय लिया गया कि सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व में संचालित बी.लिब्, एम.लिब्, आचार्य दर्शन पाठ्यक्रमों का स्थगन निरस्त करते हुये उन्हें पुनः संचालित किया जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय परिसर में शास्त्री दर्शन पाठ्यक्रम भी आरम्भ किया जाय।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लिया तथा वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के सम्बद्धता विस्तारण पर अनुमोदन प्रदान किया। मा0 कार्यपरिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि वर्ष 2023–24 की अस्थाई मान्यता/सम्बद्धता प्रदान करने से पूर्व सभी महाविद्यालयों/संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया जाय तथा प्राप्त आख्या के आधार पर ही अस्थाई मान्यता/सम्बद्धता का नवीनीकरण/विस्तारण किये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार किया जाय। उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों/संस्थानों का स्थलीय औचक निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया, जिस हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद संख्या : 26 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 21वीं बैठक दिनांक 25 जनवरी, 2021 के मद संख्या–03 के विनिश्चयानुसार एवं मा. कार्यपरिषद् की सम्पन्न हुयी 40वीं बैठक दिनांक 28 जनवरी, 2021 के मद संख्या–04 पर वर्गीकरण के प्रस्ताव पर गहन विचार–विमर्श किया गया तदुपरान्त मा. कार्यपरिषद् द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों :– 1. श्री 108 बाबा काली कमली वाले रामनाथ जी की छात्रहितकारिणी संस्कृत पाठशाला ऋषिकेश, जिला–देहरादून एवं 2. श्री जगद्गुरू श्रीचन्द्र संस्कृत महाविद्यालय भगवद्धाम, हरिद्वार को विश्वविद्यालय के पत्रांक 765/प्रशासन/2021 दिनांक 17 फरवरी, 2021 द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 तक का अवसर दिया गया कि वह भूमि सम्बन्धी अभिलेख वांछित कार्यवाही पूर्ण कर लें अन्यथा की स्थिति में सत्र 2022–23 से शास्त्री प्रथम वर्ष एवं आचार्य प्रथम वर्ष की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही प्रचलित कर दी जायेगी।

उक्त महाविद्यालयों के द्वारा प्रत्यावेदन पत्र दिये गये जिन्हें मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 24वीं बैठक दिनांक 24 नवम्बर, 2021 के मद संख्या–09 पर प्रस्तुत किया गया। मा. विद्यापरिषद् के निर्णयानुसार प्राप्त आवेदन पत्रों को शासन द्वारा गठित समिति को सन्दर्भित किये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त हुआ परन्तु शासन द्वारा गठित समिति में से एक सदस्य सेवानिवृत होने के कारणों से स्थलीय निरीक्षण कार्य सम्पादित नहीं किया जा सका।

उक्त महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में विश्वविद्यालय से बिना अनुमति के शास्त्री एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर में छात्रों को प्रवेश दिया गया। महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा छात्रहित के दृष्टिगत महाविद्यालय में सत्र 2022–23 हेतु प्रवेश एवं परीक्षा आदि की अनुमति हेतु अनुरोध किया

गया। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये मा. कुलपति महोदय से प्राप्त अनुमोदन एवं मा. विद्यापरिषद्/मा. कार्यपरिषद् की अनुमति की प्रत्याशा में वर्तमान सत्र 2022–23 हेतु छात्रों को प्रवेश, परीक्षा आदि दिये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

अतः उक्त प्रस्ताव पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–15 पर प्रस्तुत किया गय जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने सत्र 2022–23 हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 27 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में नव–निर्मित छात्रावास का संचालन किया जाना है। इस सम्बन्ध में छात्रावास नियमावली तैयार की गयी है।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गयी छात्रावास नियमावली का प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–16 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया। सम्बन्धित नियमावली के पृष्ठ संख्या–06 पर छात्रावास संचालन के सम्बन्ध में अधिकारी एवं कर्मचारी की नियुक्ति किये जाने हेतु मा. कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 28 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना, नई दिल्ली दिनांक 07 नवम्बर, 2022 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम, 2022 जारी किया गया है को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–17 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 29 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में प्रति वर्ष श्रवण माह में संस्कृत सप्ताह महोत्सव मनाया जाता है जिसके अन्तर्गत निम्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं :–

1. श्रावणी (उपाकर्म), 2. विशिष्ट व्याख्यान, 3. श्लोकान्त्याक्षरी, 4. श्लोकास्पर्धा, 5. आशु संस्कृत भाषण प्रतियोगिता, 6. संस्कृत–कविगोष्ठी।

उक्त कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु धनराशि की आवश्यकता होती है जिसका विवरण संलग्न है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–18 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 30 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में भाषा एवं आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के अन्तर्गत कम्प्यूटर विषय संचालित है इस विषय में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाने का प्रस्ताव है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–19 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 31 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 22वीं बैठक दिनांक 24 जुलाई, 2021 के मद संख्या–05 के विनिश्चयानुसार विश्वविद्यालय में लोक भाषा प्रकोष्ठ की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया था।

लोक भाषा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्वेता अवस्थी द्वारा लोक भाषा में संस्कृत को मूल आधार बनाये जाने के सम्बन्ध में संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–20 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः संशोधित प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 32 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में पूर्व से विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम कराये जाने हेतु निम्न विभागों/विषयों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी है जिसमें साहित्य, योग, हिन्दी, ज्योतिष, व्याकरण के पाठ्यक्रम पूर्व में ही मा. विद्यापरिषद् एवं मा. कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदित किये जा चुके हैं। इनके अतिरिक्त व्याकरण (संशोधित/पुनर्निर्माण) ज्योतिष (संशोधित/पुनर्निर्माण), आचार्य (एम.ए.) शिक्षाशास्त्र, शिक्षाशास्त्री (बी.एड.), विद्यावारिधि (पीएच.डी.) कोर्स वर्क पाठ्यक्रम एवं पूर्व शिक्षाशास्त्री परीक्षा (P.S.S.T) (संशोधित/पुनर्निर्माण) इतिहास, पर्यावरण, अंग्रेजी विषयों के एक सत्रीय अनिवार्य (कोर्स वर्क) पाठ्यक्रम हेतु पाठ्यक्रम निर्माण समिति द्वारा निर्माण/संशोधित/पुनर्निर्माण किये गये हैं।

सम्बन्धित पाठ्यक्रम मा. विद्यापरिषद् के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है तथा जिन विषयों के पाठ्यक्रम पूर्व में मा. विद्यापरिषद् द्वारा अनुमोदित नहीं हैं उनके कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम मा. विद्यापरिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–22 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 33 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में वेद विभाग के अन्तर्गत विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाने विषयक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है पाठ्यक्रम को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 20वीं बैठक दिनांक 24 जून, 2020 के मद संख्या–07 पर निम्नवत प्रस्तुत किया गयाः–

विश्वविद्यालय में वेद विभाग के अन्तर्गत विशिष्टाचार्य (एम.फिल्.) एवं विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम संचालित करने विषयक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

जिस पर निम्न विनिश्चय हुआ :–

उक्त प्रकरण को मद संख्या–01 की कृत कार्यवाही में मद संख्या–03 पर गठित समिति को सन्दर्भित किये जाने पर निर्णय लिया गया। समिति द्वारा प्राप्त संस्तुति पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।

उक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही के मद संख्या–03 के विनिश्चय पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया जिसमें यह उभर कर आया कि विश्वविद्यालय में कोई भी पाठ्यक्रम आरम्भ करने से पूर्व अध्यादेश एवं परिनियमावली में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप समस्त प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त ही पाठ्यक्रम आरम्भ किया जाना उचित होगा। विश्वविद्यालय में कई आधुनिक विषय पूर्व से ही संचालित

हो रहे हैं, जिन पर गम्भीर विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से यह निश्चय हुआ कि विश्वविद्यालय में जो भी आधुनिक पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं उन पाठ्यक्रमों में अधिकतम संस्कृत को कैसे समाहित किया जाय इस पर विचार किया जाय एवं आधुनिक विषयों में पीएच.डी. आरम्भ करने से पूर्व सामयिक रूप में समग्र समीक्षा किये जाने पर विद्वज्जनों ने एकमत अभिव्यक्त किया कि इस कार्य हेतु मा. कुलपति महोदय को एक समिति गठित किये जाने हेतु अधिकृत किया, जो विश्वविद्यालय में संचालित हो रहे समस्त पाठ्यक्रमों को सस्कृत विश्वविद्यालय के अनुरूप एवं भविष्य में प्रस्तावित नये पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने हेतु अपनी विस्तृत आख्या तीन माह के अन्तर्गत प्रस्तुत करेगी। तब तक वर्तमान समय मे संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों को यथास्थिति रखा जाय और कोई नवीन पाठ्यक्रम संचालित न किया जाय।

तत्कालीन मा. कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की बैठकें आहूत की गयी परन्तु अन्तिम निष्कर्ष पर न पहुँचने के कारण कार्यवाही लम्बित है।

अतः उपरोक्त के सन्दर्भ में प्रकरण/प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–23 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया कि सत्र 2023–24 से समस्त पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाये।

अतः प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 34 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से शास्त्री एवं आचार्य स्तर पर मान्यता प्राप्त कर ली गयी है।

अतः उक्त महाविद्यालय को महाविद्यालय की सूची से पृथक् किये जाने का प्रस्ताव मा. विद्यापरिषद् के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–25 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

अतः प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 35 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की क्रीड़ा विभाग हेतु मा. कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति ने क्रीड़ा नियमावली तैयार की है।

अतः क्रीडा नियमावली मा. विद्यापरिषद् के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–26 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया। सर्वसम्मति यह भी गया कि विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्रीड़ा प्रभारी द्वारा खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं अन्य सम्बन्धित विभागों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रेषित किये जाये।

अतः प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 36 विश्वविद्यालय की विद्यावारिधि (पीएच.डी.) विवरणिका एवं नियमावली मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–27 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् ने उपरोक्त विवरणिका एवं नियमावली पर गहन विचार–विमर्श किया तथा नियमित विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम हेतु विवरणिका एवं

नियमावली को अनुमोदित किया गया। अंशकालिक विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शोध कार्य की अवधि, उपस्थिति, सीटों की संख्या, अर्हता बिन्दुओं के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि इस हेतु गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार की सम्बन्धित विवरणिका (सत्र 2022–23) में वर्णित दिशा–निर्देशों को यथावत् अंगीकृत कर लिया जाय, तद्नुसार अनुमोदित।

इस संदर्भ में मा. कार्यपरिषद को अवगत कराना है कि दिनांक 24.03.2023 को मा. कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) के लिए प्रवेश परीक्षा के पैटर्न पर विचार किया गया जिसमे "उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार विद्यावारिधि (पीएच.डी.) अध्यादेश के 5.4.1 के अनुसार प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय तथा विवरणात्मक/दीर्घउत्तरीय प्रश्न सम्मलित होगे" अंश पर बैठक में पारदर्शिता की दृष्टि से आंशिक संशोधन करते हुए विवरणात्मक/दीर्घउत्तरीय प्रश्न के स्थान पर वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय पैटर्न पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।

अतः प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः **मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या : 37 विश्वविद्यालय के दशम दीक्षान्त समारोह में मानद उपाधि (डी.लिट्.) दिये जाने का प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव को मा. विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुयी 26वीं बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 के मद संख्या–28 पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मा. विद्यापरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श उपरान्त मा. कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अतः प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः **मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

मद संख्या : 38 (i)मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में लेखाकार के पद पर कार्यरत श्री सन्दीप जोशी द्वारा दिनांक 03.01.2022 को उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में प्रतिनियुक्ति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ।

मा. कुलपति महोदय के अनुमोदन के क्रम में दिनांक 04.01.2022 को श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार को प्रतिनियुक्ति हेतु अनुमति प्रदान की गयी।

उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के पत्र संख्या– 6830/कार्मिक/01/विविध/2021–22 दिनांक 16.02.2022 द्वारा श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार से रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर इस आशय से लिखित सहमति "कि **यदि 03 वर्ष की अवधि से पूर्व उत्तराखण्ड जल संस्थान में कार्यरत सहायक लेखाकार/कनिष्ठ सम्परीक्षक यदि लेखाकार/वरिष्ठ सम्परीक्षक के पद पर प्रोन्नत होते हैं तो यह प्रतिनियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी तथा इस सम्बन्ध में इनका कोई दावा मान्य नहीं होगा**" इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

उक्त के आलोक में विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या–735/प्रशासन/2022 दिनांक 18 फरवरी, 2022 द्वारा श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार से प्राप्त रू. 100/– का शपथ पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के पत्र संख्या– 6830/कार्मिक/01/विविध/2021–22 दिनांक 16.02.2022 द्वारा श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार को उत्तराखण्ड जल संस्थान में लेखाकार/वरिष्ठ सम्परीक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण दिनांक से 03 वर्ष अथवा उत्तराखण्ड जल संस्थान में सहायक लेखाकार/कनिष्ठ सम्परीक्षक पदधारकों की पदोन्नति लेखाकार/वरिष्ठ सम्परीक्षक के पद पर होने तक (जो भी पहले हो) के लिए कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में प्रतिनियुक्ति पर निम्नवत प्रतिबन्धों के अधीन की जाती है।

1. उपरोक्त प्रतिनियुक्ति उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग एवं कार्मिक विभाग के समय–समय पर प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी निर्गत शासनादेशों के अधीन होगी।
2. प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आने पर उक्त प्रतिनियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
3. प्रतिनियुक्ति पर प्रथम कार्यभार ग्रहण करने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ता अनुमन्य नही होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार को चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के उपरान्त कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में लेखाकार/वरिष्ठ सम्परीक्षक (प्रतिनियुक्ति) पद पर योगदान हेतु कार्यमुक्त करने का कष्ट करेंगे।

श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार के द्वारा दिनांक 23.03.2022 को प्रतिनियुक्ति हेतु कार्यमुक्त करने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ।

विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या–838/प्रशासन/सा.जो./2022 दिनांक 25 मार्च, 2022 को मा. कार्यपरिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में दिनांक 25.03.2022 के अपराह्न में प्रथम एक वर्ष के लिये कार्यमुक्त किया जाता है जिसे मा. कार्यपरिषद् की प्रत्याशा में एक–एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। श्री सन्दीप जोशी सम्बन्धित विभाग में अविलम्ब अपनी उपस्थिति दर्ज कराये।

उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के पत्र संख्या– 6639/कार्मिक/01/विविध/2022–23 दिनांक 16.12.2022 द्वारा श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार (प्रतिनियुक्ति) उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार का समायोजन उत्तराखण्ड जल संस्थान में लेखाकार/वरिष्ठ सम्परीक्षक के पद पर किया जाता है तो आपके विभाग को आपत्ति होगी अथवा नहीं कि सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या–863/व्य.प./श्रीसं.जो./2022 दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 को मा. कुलपति के अनुमोदन एवं मा. कार्यपरिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में समायोजन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया।

उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के पत्र संख्या 10785/कार्मिक/01/प्रतिनियुक्ति/11/2022–23 दिनांक 23.03.2023 द्वारा श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार की उत्तराखण्ड जल संस्थान में लेखाकार के पद पर प्रतिनियुक्ति अवधि 02 वर्ष बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या–1149/प्रशासन/सं.जो./2023 दिनांक 24 मार्च, 2023 को मा. कुलपति महोदय के अनुमोदन के क्रम में श्री सन्दीप जोशी, लेखाकार को उत्तराखण्ड जल संस्थान में लेखाकार के पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि 02 वर्ष बढ़ाये जाने अथवा समायोजन होने तक जो भी पूर्व में घटित हो के सम्बन्ध में मा. कार्यपरिषद् की अनुमोदन की प्रत्याशा में अनापत्ति निर्गत की जाती है।

(ii) डॉ0 धीरज शुक्ला, सहायक आचार्य, पत्रकारिता का गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में सह–आचार्य के पद पर चयन होने के फलस्वरूप उन्हें एक वर्ष के धारणाधिकार पर दिनांक 05.09.2022 के अपराह्न से मा. कार्यपरिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में इस आदेश के साथ कार्यमुक्त किया गया कि मा. कार्यपरिषद् का निर्णय बाध्यकारी होगा।

अतः उक्त प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 39 विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में परामर्श (Consultancy) प्रारम्भ करने विषयक प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि योग विभाग द्वारा परामर्श (Consultancy) प्रारम्भ किये जाने पर विचार किया जा रहा है, विश्वविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के दिनांक 27.03.2023 को आहूत बैठक में विभागाध्यक्ष, योग विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को मद सं0–06 के विनिश्चय में अनुमोदन प्रदान किया गया है। मा0 कार्यपरिषद् ने उपर्युक्त प्रस्ताव का अवलोकन करते

हुए अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में तीन माह के लिए उपर्युक्त परामर्श (Consultancy) प्रारम्भ किये जाने विषयक व्यय विश्वविद्यालय की आय/बचत से करते हुए तदुपरान्त यह व्यवस्था सम्बन्धित विभाग द्वारा सैल्फ सस्टेन्ड प्रणाली के अन्तर्गत संचालित की जाय। मा0 कार्यपरिषद् द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि सम्बन्धित विभाग द्वारा उपर्युक्त परामर्श (Consultancy) प्रणाली के लिए एस.ओ.पी. समाहित करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर लिया जाय।

मद संख्या : 40 मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सम्पन्न हुयी 44वीं बैठक दिनांक 28 सितम्बर, 2022 के अन्य मद संख्या–02 पर विश्वविद्यालय में 04 शोध पीठों की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित हुआ था तदुपरान्त प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रेषित किया गया।

उक्त के आलोक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के फा.सं. 1–4/2022 (पीठ) दिनांक 16 मार्च, 2023 द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें निम्न अंकित किया गया है :–

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र क्रमांक 1795/कुलपति पटल/शोध पीठ स्थापना/2023, दिनांक 06.02.2023 जिसमें आपके द्वारा विश्वविद्यालय में निम्न चार पीठ स्थापित करने के लिए यू.जी.सी. से स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

1. पंडित दीन दयाल उपाध्याय पीठ
2. श्री गुरु गोविन्द सिंह पीठ
3. स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ
4. महाराजा अग्रसेन पीठ

इस सन्दर्भ में, आपको यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पीठों की स्थापना हेतु यदि आपका विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से किसी प्रकार के अनुदान की अपेक्षा नहीं करता है, तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है।

अतः उक्त प्रकरण मा. कार्यपरिषद् के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त चारों पीठ के संचालन का मानदेय रहित प्रभार विश्वविद्यालय के शिक्षकों को प्रदान किया जाय, जिसके लिए मा. कुलपति को अधिकृत किया गया।

मद संख्या : 41 उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार को उच्च शिक्षा में समाहित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चयः मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि अपनी स्थापना के प्रारम्भिक चरण में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के अन्तर्गत संचालित किया गया था, जिसे बाद में उच्च शिक्षा से पृथक् कर संस्कृत शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित किया जा रहा है। मा0 कार्यपरिषद् के समक्ष यह बिन्दु भी प्रस्तुत किया गया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में संचालित होने के कारण विश्वविद्यालय को अनेक बार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को समय–समय पर निर्गत की गयी महत्वपूर्ण सूचनाओं, जो उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, से वंचित रहना पड़ता है।

उपर्युक्त के आलोक में मा0 कार्यपरिषद् ने यह स्वीकार किया कि चूँकि विश्वविद्यालय की प्रकृति उच्च शिक्षा की होती है, अतः उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार को उच्च शिक्षा में समाहित किया जाना विश्वविद्यालय के लिए हितकर होगा। उक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या : 42 शासन से प्राप्त पत्र संख्या–38/XLII–1/2022–06(12)2015 संस्कृत शिक्षा अनुभाग, देहरादून दिनांक 15 मार्च, 2022 द्वारा डॉ. उर्मिला पाण्डेय, अंशकालिक प्रवक्ता, योग को विनियमित किये जाने विषयक प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष विचार–विमर्श एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय: मा. कार्यपरिषद् द्वारा उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए निम्नवत् समिति गठित की गयी तथा यह निर्णय लिया गया कि समिति की आख्या प्राप्त होने तक इस प्रकरण को स्थगित रखा जाय:–

1. प्रो. सत्यपाल सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
2. प्रो. एन.पी. सिंह, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. एडवोकेट श्री राकेश चौहान, हरिद्वार

मद संख्या : 43 विश्वविद्यालय में ई–फाईलिंग की प्रक्रिया लागू किये जाने का प्रस्ताव मा. कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय: मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया था कि उक्त के संदर्भ में विश्वविद्यालय में ई–फाईलिंग की प्रक्रिया लागू किये जाने संबधी प्रकिया गतिमान है। मा. कार्यपरिषद् ने उक्त का संज्ञान लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

मद संख्या : 44 मा. कार्यपरिषद् की 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि एवं कृत कार्यवाही का विवरण अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय: मा. कार्यपरिषद् द्वारा 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के कार्यवृत्त में उल्लिखित मद सं0 2 के विनिश्चय में टंकण त्रुटि के कारण लिखा गया है कि –"शासनादेश व कार्यालयादेश विषय को स्वीकार न करते हुए इस आशय के साथ उ0प्र0रा0 विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26/4 के तहत उक्त निर्णय वित्त समिति को वापस किये जाने का निर्णय किया गया।" यहां पर "शासनादेश व कार्यालयादेश विषय को स्वीकार न करते हुए" के स्थान पर *"शासनादेश व कार्यालयादेश के आलोक में"* इस प्रकार संशोधित समझा जाए।

मा0 कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया चूंकि मा0 कार्यपरिषद् की 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के अन्य मद के मद सं0–02 कुलसचिव श्री गिरीश कुमार अवस्थी से सम्बन्धित है, अतः इसे श्री दिनेश कुमार, उपकुलसचिव द्वारा प्रस्तुत किया जाए, जिसका कार्यवृत्त पृष्ठ सं0 23 पर द्रष्टव्य है।

उक्त बैठक के शेष कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से सम्पुष्टि करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य मद : मा. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

मद सं0 : 01 डॉ. अजय परमार, सहायक आचार्य, इतिहास द्वारा उनकी पूर्व के महाविद्यालय में की गयी सेवाओं को जोड़े जाने विषयक प्रत्यावेदन दिनांक 30.03.2023, मा0 कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

विनिश्चय: मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि मा0 कार्यपरिषद् की 29वीं बैठक दिनांक 08 सितम्बर, 2020 में प्राप्त अनुमोदन के क्रम में डॉ. अजय परमार को विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पे–प्रोटेक्शन का लाभ विश्वविद्यालय के कार्यालयादेश पत्रांक 174/प्रशासन/2021, दिनांक 20 जुलाई, 2021 के द्वारा प्रदान किया गया है।

मा0 कार्यपरिषद् द्वारा उक्त का संज्ञान लेते हुए उनके प्रत्यावेदन पर विचार किया तथा उनकी पूर्व के महाविद्यालय में सहायक आचार्य के रूप में की गयी सेवाओं को वर्तमान सेवाओं के साथ जोड़ने का अनुमोदन प्रदान किया।

मा0 कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि इस परिषद् के 03 सम्मानित सदस्यों– मा. न्यायमूर्ति (से.नि.) श्री लोक पाल सिंह, पूर्व मा. न्यायमूर्ति, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, प्रो. कमला पन्त, विभागाध्यक्ष–संस्कृत विभाग, एम.बी. (पी.जी.) कॉलेज, हल्द्वानी एवं डॉ. ओम प्रकाश भट्ट, पूर्व प्राचार्य (से.नि.), श्री रामानुज वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय, भूपतवाला, हरिद्वार का कार्यकाल 05 अप्रैल, 2023

को पूर्ण हो रहा है। मा0 कुलपति महोदय सहित मा0 कार्यपरिषद् के सभी उपस्थित सम्मानित सदस्यों द्वारा उपर्युक्त तीनों सम्मानित सदस्यों को उनके अमूल्य सहयोग एवं योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सम्बन्धित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव / सदस्य सचिव

(प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री)
कुलपति

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

कार्यपरिषद् की 46वीं बैठक, दिनांक 30 मार्च, 2023 का कार्यवृत्त

मा0 कार्यपरिषद् की 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के अन्य मद के मद सं0–02, जो कुलसचिव श्री गिरीश कुमार अवस्थी से सम्बन्धित है, को श्री दिनेश कुमार, उपकुलसचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया:–

मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के अन्य मद के मद सं0–02 कुलसचिव श्री गिरीश कुमार अवस्थी से सम्बन्धित है। मा0 कुलपति ने श्री अवस्थी को इस मद की कार्यवाही की अवधि में सदन में उपस्थित न रहने का अनुरोध किया, जिसपर मा0 कार्यपरिषद् के सदस्यों ने प्रस्ताव दिया कि वे इस कार्यवाही के दौरान सदन में उपस्थित रह सकते हैं तथापि यह प्रकरण उपकुलसचिव द्वारा प्रस्तुत किया जाए।

उपकुलसचिव द्वारा मा. कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि 45वीं आकस्मिक बैठक, दिनांक 31 जनवरी, 2023 के अन्य मद के मद सं0–02 के अनुसार कुलसचिव को कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया था। उनके द्वारा उत्तर प्रदान किये जाने हेतु अतिरिक्त समय की मांग की गयी, जिस पर उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए अतिरिक्त समय प्रदान किया गया। तत्पश्चात्, कुलसचिव श्री गिरीश कुमार अवस्थी द्वारा दिया गया उत्तर प्राप्त हो गया है, जिसके आधार पर प्रो. इन्द्रजीत सिंह सोढ़ी, आचार्य एवं अध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, राजीव गांधी नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ यूथ डिवेलपमेंट (भारत सरकार), क्षेत्रीय केन्द्र, सैक्टर–12, चण्डीगढ़ से प्रकरण में आख्या आमंत्रित की गयी, जो सीलबन्द लिफाफे में मा0 कार्यपरिषद् के सम्मुख प्रस्तुत की गयी। मा0 कार्यपरिषद् द्वारा श्री गिरीश कुमार अवस्थी, कुलसचिव, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, के विरुद्ध शिकायती पत्र व उस पर की गयी कार्यवाही के संबंध में उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा अनुभाग, देहरादून से प्राप्त पत्र सं0 62/XLII-1/2023-06(06)2012 दिनांक 23 मार्च, 2023 का भी संज्ञान लिया गया।

मा0 कार्यपरिषद् ने वर्तमान में प्रो. सोढ़ी की आख्या को सीलबन्द ही रखते हुए मा0 कार्यपरिषद् द्वारा इस प्रकरण पर प्रो. यशवीर सिंह, मा0 सदस्य, मा0 कार्यपरिषद्, उ0सं0वि0वि0 हरिद्वार एवं प्रो. एन.पी. सिंह, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को समाहित करते हुए द्विसदस्यीय तथ्य खोजी समिति (FFC) बनाये जाने का निर्णय लिया, जो समस्त तथ्यों का अवलोकन कर अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी। मा0 कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उपर्युक्त पत्र सं0 62/XLII-1/2023-06(06)2012 दिनांक 23 मार्च, 2023 के आलोक में श्री गिरीश कुमार अवस्थी, कुलसचिव को प्रदत्त 'कारण बताओ नोटिस' तथा उस पर श्री अवस्थी द्वारा प्रस्तुत उत्तर/पक्ष की प्रतिलिपि शासन को गोपनीय रूप में अवलोकनार्थ प्रेषित की जाय। चूंकि प्रो. इन्द्रजीत सिंह सोढ़ी की रिपोर्ट पर अभी कोई संज्ञान नहीं लिया गया है; वह अभी सीलबन्द है एवं मा0 कार्यपरिषद् के सर्वसम्मत निर्णय के अनुसार द्विसदस्यीय तथ्य खोजी समिति (FFC) का गठन कर दिया गया है, तदनुसार शासन को इस सम्बन्ध में यथा समय सूचित कर दिया जाय। मा0 कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया कि आवश्यकता होने पर तथ्य खोजी समिति (FFC) द्वारा सम्बन्धित कार्यवाही के समय उपर्युक्त सीलबन्द लिफाफे का संज्ञान लिया जा सकता है।

(दिनेश कुमार)
उपकुलसचिव

(प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री)
कुलपति